गोवा मुक्ति दिवस

हाल ही में भारतीय नौसेना ने **गोवा के मुक्ति दिवस की हीरक जयंती (60 वर्ष)** के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया। गोवा मुक्ति दिवस हर साल 19 दिसंबर को मनाया जाता है।

प्रमुख बिंदु:

- यह दिन उस अवसर को चिह्नित करता है जब **भारतीय सशस्त्र बलों ने वर्ष 1961 में 450 वर्षों के पुर्तगाली शासन से गोवा को मुक्त** कराया था।
- वर्ष 1510 में पुर्तगालियों ने भारत के कई हिस्सों को उपनिवेश बनाया लेकिन 19वीं शताब्दी के अंत तक भारत में **पुर्तगाली उपनिवेश गोवा, दमन, दीव, दादरा, नगर हवेली और अंजेदिवा द्वीप (गोवा का एक हिस्सा)** तक ही सीमित रहें।
- **15 अगस्त, 1947 को जैसे ही भारत को स्वतंत्रता मिली,** भारत ने पुर्तगालियों से अपने क्षेत्रों को सौंपने का अनुरोध किया लेकिन इन्होंने इनकार कर दिया था।
- गोवा मुक्ति आंदोलन छोटे पैमाने पर एक विद्रोह के रूप में शुरू हुआ लेकिन वर्ष **1940 से 1960 के बीच अपने चरम पर पहुँच** गया।
- वर्ष 1961 में पुर्तगालियों के साथ राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारत सरकार द्वारा **ऑपरेशन विजय** चलाकर **19 दिसंबर को दमन और दीव तथा गोवा** को भारतीय मुख्य भूमि के साथ मिला लिया गया।
- 30 मई 1987 को इस क्षेत्र का विभाजन हुआ और गोवा का गठन हुआ तथा दमन और दीव को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया।
- 30 मई को गोवा के स्थापना दिवस **(Statehood Day of Goa)** के रूप में मनाया जाता है।

गोवा

//

- **अवस्थिति: गोवा, भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर कोंकण के रूप में जाने जाने वाले क्षेत्र में स्थित है और भौगोलिक रूप से दक्कन उच्च भूमि से** [पश्चिमी घाट](#) **द्वारा अलग होता है।**
- **राजधानी:** पणजी
- **आधिकारिक भाषा:** कोंकणी
  - कोंकणी, **[आठवीं अनुसूची](#)** में शामिल 22 भाषाओं में से एक है।
  - इसे वर्ष 1992 के 71वें संशोधन अधिनियम द्वारा मणिपुरी और नेपाली भाषा के साथ आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया था।
- **सीमा: यह उत्तर में महाराष्ट्र, पूर्व और दक्षिण में कर्नाटक से घिरा हुआ है तथा अरब सागर इसके पश्चिमी तट पर है।**
- **भूगोल**
  - गोवा का उच्चतम बिंदु सोंसोगोर (Sonsogor) है।
  - गोवा के उत्तर में तेरेखोल नदी बहती है जो गोवा को महाराष्ट्र से अलग करती है, राज्य की अन्य प्रमुख नदियों में मांडवी, जुआरी, चपोरा, रखोल, गलगबिाग, कुम्बरजुआ नहर, तलपोना और साल आदि शामिल हैं।
  - गोवा की अधिकांश मृदा आवरण लैटेराइट से बना है।
- **वन्यजीव अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान:**
  - डॉ. सलीम अली पक्षी अभयारण्य
  - [महादेई वन्यजीव अभयारण्य](#)
  - **[नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य](#)**
  - कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य
  - [भगवान महावीर अभयारण्य](#)
  - मोलेम नेशनल पार्क